# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 06 जून 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 246

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमिलनाडु के सीएम ने एक और हफ्ते के लिए लॉकडाउन को बढ़ाया

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने आज कुछ ढील के साथ लॉकडाउन को एक और सप्ताह यानि कि 14 जून तक बढ़ाने की घोषणा की है। मौजूदा लॉकडाउन 7 जून को खत्म हो रहा है। यहां जारी एक बयान में स्टालिन ने कहा कि मौजूदा अनुमेय गतिविधि की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोयंबटूर, नीलगिरी, तिरुपुर, इरोड, सेलम, करूर, नमक्कल, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम और मायलादुथुराई में कोविड-19 संक्रमण की अधिकता को देखते हुए निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन कुछ आवश्यक सेवाओं को 7 जून से अनुमति दी गई है।

### जम्मू श्रीनगर राजमार्ग दुर्घटना में 5 लोगों की हुई मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** रामबन जिले में जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छह लोगों को ले जा रहा एक वाहन, चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और डिगडोले के पास एक खाई में जा गिरा। बचाव दल ने तीन शवों को बरामद कर लिया है और घायल व्यक्तियों को अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया है, जबकि वाहन में सवार छठवां व्यक्ति अभी भी लापता है। सेना राहत एवं बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है।

### मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति के निधन पर एक दिन का राजकीय शोक घोषित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत सरकार ने मॉरीशस के पूर्व राष्टपति अनिरुद्ध जगन्नाथ के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। सरकार ने कहा है कि अंतिम सांस लाने वाले अनिरुद्ध के सम्मान में आज शनिवार को एक दिन का राजकीय शोक रखा जाएगा। मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री जगन्नाथ ने 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली थी। जैसा कि प्रोटोकॉल में है। शनिवार को पूरे भारत में तिरंगा आधा झुका रहेगा और उस दिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मॉरीशस के पूर्व राष्टपति और पूर्व प्रधानमंत्री अनिरुद्ध जगन्नाथ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारतीय मूल के श्री जगन्नाथ की आधुनिक मॉरीशस के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

### प्रधानमंत्री ने वैक्सीन ड्राइव की समीक्षा की, नुकसान में कटौती का दिया निर्देश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 टीकाकरण (वैक्सीनेशन) अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अधिकारियों ने वैक्सीनेशन ड्राइव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अपनी बात रखी। इसी दौरान प्रधानमंत्री को टीके की खुराक की वर्तमान उपलब्धता और पूरी प्रक्रिया को तेज करने के रोडमैप के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न वैक्सीन निर्माता कम्पनियों को उत्पादन में तेजी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि सरकार वैक्सीन निर्माता कम्पनियों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है और हर तरह से उनकी मदद कर रही है।

## पर्यावरण दिवस : 21 वीं सदी एथेनॉल सबसे बड़ी प्राथमिकता : पीएम

### » प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को किया संबोधित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को संबोधित किया। समारोह का आयोजन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रधानमंत्री ने समारोह के दौरान पुणे के एक किसान के साथ बातचीत भी की जिन्होंने जैविक खेती और कृषि में जैव-ईंधन के उपयोग के बारे में अपने अनुभव को साझा किया।

प्रधानमंत्री ने रिपोर्ट ऑफ द एक्सपर्ट कमेटी ऑन रोडमैप फॉर इथेनॉल ब्लेंडिंग इन इंडिया 2020-2025 जारी की। उन्होंने पुणे में इथेनॉल के उत्पादन और पूरे देश में वितरण के लिए महत्वाकांक्षी ई-100 पायलट परियोजनाका शुभारंभ किया। इस वर्ष के समारोह का विषय 'बेहतर पर्यावरण के लिए जैव-ईंधन को प्रोत्साहन' था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रकाश जावडेकर,पीयूष गोयल तथा धर्मेन्द्र प्रधान उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर इथेनॉल क्षेत्र के विकास के लिए विस्तृत रोडमैप जारी करके भारत ने एक और छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल 21वीं सदी के भारत की बड़ी प्राथमिकता बन गई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पर फोकस करने का बेहतर प्रभाव पर्यावरण के साथ-साथ किसानों के जीवन पर भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य प्राप्त करने का समय कम करके 2025 करने का संकल्प लिया है। इससेपहले इस लक्ष्य की प्राप्ति का समय 2030 तय किया गया था जिसे5 वर्ष कम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 तक पेट्रोल में औसत रूप में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था जो अब बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गया है। 2013-14 में देश में लगभग 38 करोड़ लीटर इथेनॉल की खरीद हुई थी जो अब बढ़कर 320 करोड़ लीटर हो गई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल खरीद में आठ गुना वृद्धि से देश के गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक सोच और 21वीं सदी की आधुनिक नीतियों से ही ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। सरकार इसी सोच के साथ लगातार हर क्षेत्र में नीतिगत फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में इथेनॉल के उत्पादन और खरीद के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। इथेनॉल तैयार करने वाली अधिकतर इकाइयां उन 4-5 राज्यों में केंद्रित हैं जहां गन्ने का अधिक उत्पादन होता है लेकिन अब खाद्यान्न आधारित डिस्टिलरी स्थापित की जा रही हैं ताकि पूरे देश में इसका विस्तार हो। देश में आधुनिक टेक्नोलॉजी आधारित संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं ताकि कृषि अपशिष्ट से इथेनॉल बनाया जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जलवायु के मामले में न्यायपूर्णव्यवस्था का एक प्रबल समर्थक है और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थापना के वैश्विक विजन के साथ आगे बढ़ रहा है ताकि एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड के विजन और आपदा रोधी अवसंरचना पहल के लिए गठबंधन के विजन को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत को जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से पैदा हुई चुनौतियों के प्रति जागरूक है और सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए अपनाए गए सख्त और नरम रवैये की चर्चा की। उन्होंने सख्तरवैये के बारे में कहा कि अक्षय ऊर्जा के लिए हमारी क्षमता में पिछले 6-7 वर्षों में 250 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत आज स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया के शीर्ष 5 देशों में हैं। विशेषकर सौर ऊर्जा की क्षमता पिछले 6 वर्षों में लगभग 15 गुना बढ़ी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने नरम रवैये के साथ ऐतिहासक कदम उठाए हैं। आज देश का सामान्य जन सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने,बीच की सफाई और स्वच्छ भारत जैसे पर्यावरण समर्थक अभियानों में शामिल हुआ है और नेतृत्व कर रहा। उन्होंने कहा कि 37 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब और 23 लाख से अधिक ऊर्जा की कम खपत करने वाले पंखे वितरित किए जाने के प्रभाव की प्रायः चर्चा नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि इसी तरह सौभाग्य योजना के अंतर्गत करोड़ों लोगों को बिजली का कनेक्शन दिए जाने से लकड़ी पर उनकी निर्भरता काफी कम हो गई है। प्रदूषण को कम करने के अलावा इससे स्वास्थ्य सुधार और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के लिए यह उदाहरण पेश कर रहा है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए विकास को रोकना आवश्यक नहीं है।

## एनएचपीसी लिमिटेड ने सीईएसएल के साथ ई-मोबिलिटी समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में विद्युत मंत्रालय की भारत की प्रमुख जल विद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड ने एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) केसाथ 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को लीज पर देने और स्थापना और कमीशनिंग सहित 3 इलेक्ट्रिक वाहन फास्ट चार्जरों की एनएचपीसी को आपूर्ति के लिए ई-मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत में एनएचपीसी के पास सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा बेड़ा होगा। एनएचपीसी ने इससे पहले 2019 में ईईएसएल के माध्यम से 2 इलेक्ट्रिक वाहन लीज पर दिए थे। कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ई-मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एनएचपीसी के सीवीओ ए. के. श्रीवास्तव, और एमडी और सीईओ सुमहुआ आचार्य तथा एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के कार्यकारी उपाध्यक्ष सौरभ कुमार उपस्थित थे। एनएचपीसी ने पर्यावरण के प्रति अपने संकल्प की दिशा में एक कदम के रूप में और विश्व पर्यावरण दिवस 2021 मनाने की पूर्व संध्या पर ई-मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएचपीसी में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण उपायों के अवसरों का पता लगाने के लिए एनएचपीसी और ईईएसएल के बीच एक व्यापक समझौता ज्ञापन भी प्रक्रिया के अधीन है।

## कोरोना... 24 घंटों में 1.20 लाख दैनिक नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने पिछले 24 घंटों में 1,20,529 दैनिक नए मामले दर्ज कराये हैं जो लगभग दो महीनों (58 दिनों) में सबसे कम है। देश ने अब लगातार 9 दिनों से 2 लाख से कम दैनिक नए मामले दर्ज कराये हैं। यह केंद्र तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम है।भारत सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट दर्ज करा रहा है। भारत के सक्रिय मामले अब 15,55,248 हैं। सक्रिय मामले लगातार 5 दिनों से 20 लाख से कम हैं।

पिछले 24 घंटों में 80,745 की कुल गिरावट देखी गई है और सक्रिय मामले अब देश के कुल पॉजिटिव मामलों के केवल 5.42 प्रतिशत हैं। लगातार 23 दिनों से दैनिक नए मामलों की तुलना में भारत की दैनिक रिकवरी अधिक रही।

पिछले 24 घंटों में 1,97,894 रिकवरी दर्ज की गई। दैनिक नए मामलों की तुलना में पिछले 24 घंटों में 77,365 और अधिक रिकवरी दर्ज की गई। महामारी के आरंभ से जितने लोग संक्रमित हुए, उनमें से 2,67,95,549 लोग पहले ही कोविड-19 से रिकवर हो चुके हैं और पिछले 24 घंटों में 1,97,894 रोगी रिकवर हुए हैं। इससे कुल रिकवरी दर बढ़कर 93.38 प्रतिशत तक पहुंच गई है जिसमें वृद्धि का रुझान देखा जा रहा है। देश में पिछले 24 घंटों में कुल 20,84,421 जांचें की गई और कुल मिलाकर भारत अभी तक 36.1 करोड़ से अधिक (36,11,74,142) जांचें कर चुका है।

जहां एक ओर देश भर में जांचों में बढोतरी हुई है, साप्ताहिक पॉजिटिव मामलों में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। साप्ताहिक पॉजिटिव दर वर्तमान में 6.89 प्रतिशत है जबकि दैनिक पॉजिटिव दर आज 5.78 प्रतिशत पर है। लगातार 12 दिनों से 10 प्रतिशत से कम की पॉजिटिविटी दर का रुझान जारी है।

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में लगाये गए कोविड-19 टीकों की कुल संख्या आज 22.78 करोड़ से अधिक हो गई है। पिछले 24 घंटों में 36,50,080 टीके लगाये गए। आज सात बजे सुबह तक की अनंतिम रिपोर्ट के अनुसार, 32,00,677 सत्रों के जरिये कुल 22,78,60,317 टीके लगाये जा चुके हैं।

## देश में बच्चों को इसी माह से मिल सकती है वैक्सीन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना के तीसरी लहर के बच्चों के लिए ज्यादा घातक होने की खबरों के बीच एक अच्छी खबर यह है कि बच्चों के लिए भी देश में जल्द वैक्सीन उपलब्ध हो सकती है। केंद्र सरकार ने संकेत दिए हैं कि बच्चों के लिए कोरोना टीका इसी महीने आ सकता है। सरकार के मुताबिक,जायडस कैडिला के टीके को जल्द मंजूरी दी जा सकती है, जिसके परीक्षण 12-18 साल की आयु के बच्चों पर भी हुए हैं।

नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने कहा कि अभी कोवैक्सीन के बच्चों पर परीक्षण शुरू हुए हैं, लेकिन उसके पूरे होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि परीक्षण प्रतिरोधक क्षमता के होते हैं। जबकि जायडस कैडिला के टीके के परीक्षण बच्चों पर हो चुके हैं। उम्मीद है कि अगले दो सप्ताह में वह लाइसेंस के लिए आ सकती है। टीके को मंजूरी देते समय इसे बच्चों को देने पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

### परीक्षण में 800-100 बच्चे भी शामिल

जायडस कैडिला की वैक्सीन के तीसरे चरण के परीक्षण पूरे चुके हैं। इसके परीक्षण में 800-100 बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 12-18 साल के बीच है। इसलिए इस टीके को 12-18 साल के आयु वर्ग के बच्चों के लिए भी मंजूरी मिलने के प्रबल आसार हैं और पॉल ने भी ऐसे संकेत दिए हैं। हालांकि, अंतिम फैसला एक विशेषज्ञ समूह परीक्षण के आंकड़ों के आधार पर करता है। यदि दो सप्ताह के भीतर वह लाइसेंस के लिए आवेदन करता है तो मुश्किल से एक सप्ताह और मंजूरी की प्रक्रिया में लगेगा। यानी इसी महीने टीका उपलब्ध हो सकता है।

## ट्विटर पर बड़े एक्शन करने को तैयार केंद्र सरकार!

### » नए नियमों का तुरंत पालन करने के लिए भेजा फाइनल नोटिस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के उपराष्टपति वेकैंया नायडू के अकाउंट को अनवेरिफाइड करने के बाद पुनः वेरिफाइड करना और फिर राष्टीय स्वयं सेवक संघ के दिग्गजों के अकाउंट से ब्लू टिक हटाने के बाद केंद्र और ट्विटर के बीच विवाद और बढ़ने वाला है। इन सब के बीच सरकार अब ट्विटर के साथ सख्ती से निपटने की तैयारी में है।

ब्लू टिक विवाद के बीच ही भारत सरकार ने नए आईटी नियमों के अनुपालन के लिए ट्विटर को फाइनल नोटिस दिया है। इस नोटिस में सरकार ने ट्विटर को दो टूक कहा कि वह 26 मई से सोशल मीडिया के लिये लागू की गई शर्तों का तुरंत पालन करे और अगर ट्विटर ने ऐसा नहीं किया तो सरकार भी ट्विटर पर क़ानूनी कार्रवाई कर सकती है। सरकार की ओर से कहा गया है कि ट्विटर इंडिया को नए नियमों का तुरंत पालन करने के लिए एक अंतिम नोटिस दिया गया है। नोटिस के अनुसार अगर ट्विटर इसका पालन करने में विफल होता है तो फिर उसके खिलाफ आईटी अधिनियम 2000 की धारा 79 के तहत उपलब्ध देयता से छूट वापस ले ली जाएगी और ट्विटर आईटी अधिनियम और भारत के अन्य दंड कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

❒ **उपराष्टपति का अकाउंट किया फिर किया वेरिफाइड-** ट्विटर ने भारत के उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू के निजी ट्विटर हैंडल से ब्लू टिक हटा दिया था। जिसके कुछ समय बाद ट्विटर ने भारत के उपराष्टपति एम.वेंकैया नायडू के निजी ट्विटर हैंडल पर ब्लू टिक रिस्टोर किया। भारत के उपराष्टपति एम.वेंकैया नायडू के निजी ट्विटर हैंडल से ब्लू टिक हटाने पर ट्विटर के प्रवक्ता ने कहा था कि जुलाई 2020 से अकाउंट इनएक्टिवेट है। हमारी सत्यापन नीति के अनुसार अगर अकाउंट इनएक्टिवेट हो जाता है तो ट्विटर ब्लू टिक और वेरिफाइड स्टेटस हटा सकता है।

## आरईसीपीडीसीएल ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन को सौंपे ट्रांसमिशन परियोजनाओं के दो स्पेशल पर्पस व्हीकल

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** बिजली मंत्रालय के तहत आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरईसी पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) ने कल आरईसीपीडीसीएल के सीईओ तथा संयुक्त सीईओ तथा पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में मेसर्स पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को दो परियोजनाएं विशिष्ट स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) ' फतेहगढ़ भडला ट्रांसको लिमिटेड' और 'सीकर न्यू ट्रांसमिशन लिमिटेड' सौंपे।

मेसर्स पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का चयन भारत सरकार के बिजली मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानक बोली दस्तावेजों तथा दिशानिर्देशों के अनुरूप ट्रांसमिशन डेवेलपर्स के चयन के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) आधारित टैरिफ के माध्यम से किया गया। आरईसी लिमिटेड के बारे में = आरईसी लिमिटेड एक नवरत्न एनबीएफसी है, जो बिजली मंत्रालय के तहत पूरे भारत में बिजली क्षेत्र वित्तपोषण एवं विकास पर केंद्रित है। 1969 में स्थापित आरईसी लिमिटेड ने अपने प्रचालन के 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह राज्य बिजली बोर्डों, राज्य सरकारों, केंद्रीय/राज्य बिजली यूटिलिटीज, स्वतंत्र बिजली उत्पादकों, ग्रामीण बिजली सहकारी संघों तथा निजी क्षेत्र यूटिलिटीज को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। इसकी व्यवसाय गतिविधियों में बिजली क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में परियोजनाओं का वित्तपोषण, विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं में जेनरेशन, ट्रांसमिशन, वितरण परियोजनाएं तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

### भारत और चीन मुद्दों के समाधान का रास्ता खोज लेंगे : पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि चीन और भारत अपने बीच के मुद्दों के समाधान के लिए रास्ता निकाल लेंगे और गैर-क्षेत्रीय शक्तियों को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) में बैठक के दौरान कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्टपति शी जिनपिंग बहुत जिम्मेदार लोग हैं और एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से बहुत सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वे सामने आने वाले समस्याओं और मुद्दों को हल करने के उपाय हमेशा खोज लेंगे।

## श्रीलंका में भारी बारिश और तेज हवा के चलते 4 की मौत, 1 लाख 70 हजार लोग हुए प्रभावित



**कोलंबो।** श्रीलंका में हाल के दिनों में आई तेज आंधी और भारी बारिश ने बुरी तरह तबाही मचा दी है। भारी बारिश और हवा के कारण चार लोगों की मौत हो गई और 1,70,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। शनिवार सुबह तक खराब मौसम के कारण सात लोग लापता हो गए थे, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे।

5,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे और सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे, जबकि सबसे अधिक प्रभावित जिलों में 65 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे।

केंद्र ने कहा कि खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए टीमों को तैनात किया गया है, जबकि सेना भी भारी बाढ़ की स्थिति में बचाव प्रयासों में मदद के लिए तैयार है।

मौसम विभाग ने अपनी ताजा मौसम रिपोर्ट में कहा कि सप्ताहांत में 150 मिमी की भारी बारिश की उम्मीद की जा सकती है और जनता से भारी बिजली के बारे में सतर्क रहने का आग्रह किया गया था। विभाग ने आगे कहा कि उत्तरी, उत्तर मध्य और उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में हवा की गति 50 से 55 किमी प्रति घंटे तक बढ़ने की उम्मीद है। केंद्र के मुताबिक, शनिवार को भारी बारिश के बाद देश के कई इलाके जलमग्न हो गए और निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को चेतावनी जारी की गई है। कुछ जिलों में भूस्खलन की चेतावनी भी जारी की गई है।